फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 फरवरी 2025
वर्ष 6, अंक 98, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO: 05 BOTTOM

# एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और आईके कलेक्शन पहुंची सेमीफाइनल में

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित क्रिकेट स्टेडियम में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी– 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन के आठवें दिन बुधवार को तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच हुआ। तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने जस क्रिकेट अकादमी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एसआरएमएस के हितेश नरूला मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं, चौथे क्वार्टर फाइनल में आईके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली ने हरदोई स्ट्राइकर्स को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आईके कलेक्शन के सत्यम संगू मैन आफ द मैच चुने गए।